लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के कैरियर व व्यक्तित्व विकास पर की चर्चा 4





श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


# शिक्षा विभाग में फर्जीवाड़ा, फर्जी अंकसूची के सहारे नौकरी करने वाला शिक्षक बर्खास्त

## 2003 में 12वीं उत्तीर्ण की थी मार्कशीट, जांच में कूटरचना उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

फर्जी अंकसूची के सहारे नौकरी करने के मामले में जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक एलबी को सेवा से पृथक कर दिया है। उसके खिलाफ 12वीं की अंकसूची में कूटरचना करके 2007 से नौकरी करने की शिकायत हुई थी।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले के नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बेल्हा में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी जनकराम चौहान पर आरोप था कि वह फर्जी अंकसूची के सहारे नौकरी कर रहा है। इस पर लोक आयोग ने जांच पड़ताल शुरू की। बताया जाता है कि जांच के दौरान पता चला कि उसकी नियुक्ति शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के पद पर वर्ष 2007 में हुई थी। इस दौरान उसने 12वीं पास पास होने का जो प्रमाण पत्र जमा किया था, उसमें उसके

**खास बातें**

- वर्ष 2007 में मिली थी शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की नौकरी
- शिकायत पर लोक आयोग ने जांच कर दिया प्रतिवेदन



रोल नंबर के आधार पर उसे 306 अंक प्राप्त होना दर्ज था। इधर इस मामले की जांच पड़ताल की गई पता चला कि उसके द्वारा जिस अंकसूची का उपयोग किया गया है वह रमाशंकर पिता धनराज के नाम है और उसने कूटरचना करके हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 10+2, 2003 बनाया गया है। इसके साथ ही अंकसूची में अंकित विद्यालय के प्राचार्य से भी इसकी जानकारी ली गई और वहां से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार प्रमाण पत्र सह अंकसूची उक्त रोल नंबर का सत्र 2003 उक्त विद्यालय में सम्मिलत नहीं होने की जानकारी दी गई। ऐसे में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त प्रतिवेदन के आधार पर 18 अगस्त को एक आदेश जारी कर सहायक शिक्षक एलबी जनकराम चौहान को सेवा से पृथक कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार सहायक शिक्षक एलबी का उक्त कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के पूर्णता विपरीत बताते हुए जांच में प्रथम दृष्टया फर्जी मार्कशीट आधार पर शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के पद पर शासकीय प्राथमिक शाला बेल्हा विकासखंड नवागढ़ में नियुक्ति प्राप्त होने पर छग सिविल सेवा नियम (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 10 के तहत उक्त सहायक शिक्षक एलबी को सेवा से मुक्त किया जाता है। जारी आदेश के अनुसार उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से होगा।

## खबर संक्षेप

### दो शिक्षकों के एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

**सक्ती।** जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी वाघ द्विवेदी ने शासकीय हाईस्कूल बस्ती बाराद्वार का औचक निरीक्षण किया गया। डीईओ स्वयं 9:45 बजे स्कूल पंहुच गई थी और प्रार्थना में सम्मिलित हुई। विलंब से विद्यालय पंहुचने एवं शिक्षक दैनंदिनी का नियमित रूप से संधारण नहीं करने पर कु.किशोरी भतपरे व्याख्याता अंग्रेजी तथा श्रीमती जयंती कंवर व्याख्याता विज्ञान का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों पर नियंत्रण नहीं होने तथा प्रतिदिन शिक्षकों के दैनंदिनी की जांच नहीं करने पर प्रभारी प्राचार्य गोविंद प्रसाद राठौर एवं पूर्व तैयारी के साथ अध्यापन नहीं कराने,दैनंदिनी संधारण नहीं करने के कारण नरेन्द्र कुमार साहू व्याख्याता गणित को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है।

### महतारी एक्सप्रेस में महिला ने दिया स्वस्थ शिशु को जन्म

**अकलतरा।** ग्राम अर्जुनी की रुक्मणी बंजारे पति अजय बंजारे उम्र उम्र 28वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर महतारी एक्सप्रेस 102 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया जा रहा था। महतारी एक्सप्रेस मुरलीडीह ओवर ब्रिज के पास पहुंची थी तभी महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई एवं महतारी एक्सप्रेस के ड्राइवर प्रदुमन सूर्यवंशी के निर्देश पर रुक्मणी बंजारे के महिला परिजनों के द्वारा महतारी एक्सप्रेस के अंदर ही महिला की डिलीवरी कराई गई। महिला को स्वस्थ कन्या रत्न की प्राप्ति हुई। जिसे बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया।

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संकीर्तन सप्ताह आज से

**जांजगीर-चांपा।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संकीर्तन सप्ताह का आयोजन बुधवार 20 अगस्त से जांजगीर के रोहिदास गली वार्ड क्रमांक 17 के पांडेय परिवार मे आयोजित किया जा रहा है। भागवत कथा गुरूवार 28 अगस्त तक चलेगा। कथा ब्यास रामविलास उपाध्याय एवं आचार्य विनोद उपाध्याय होंगें। श्रीमद भागवत कथा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान श्रीमद भागवत के माध्यम से भगवान के विभिन्न लीलाओ का विस्तार पूर्वक वर्णन किया जाएगा। आयोजन परिवार ने अधिक से अधिक संख्या में लोगो के शामिल होने अपील की है।

## जिला मुख्यालय जांजगीर की घटना, अघोषित कटौती पर नाराजगी

# रात को मोहल्लेवासियों ने घेरा बिजली दफ्तर, अफसरों को सुनाई खरी-खोटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रोज रात में हो रही अघोषित बिजली कटौती से क्षुब्ध जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 25 के नागरिकों के सब्र का बांध टूट गया। वे रात को 11 बजे बिजली दफ्तर के सामने बड़ी संख्या में जा पहुंचे। इस दौरान मौजूद कर्मचारी और अफसरों को जमकर खरी खोटी सुनाई। इधर खबर मिलते ही जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप भी बिजली दफ्तर पहुंचे।

सोमवार 18 अगस्त की रात करीब 11 बजे वार्ड क्रमांक 25 के रहवासी बिजली दफ्तर के पास एकजुट हुए। दरअसल यह मोहल्ला बिजली आफिस के आसपास ही है, जहां बीते 3 महीने से समय बेसमय बिजली की घंटों तक अघोषित कटौती हो रही है। बताया जाता है कि सोमवार की रात में भी यही स्थिति रही। घंटो बिजली नहीं आने से मोहल्लेवासी एक एक करके इकट्ठा हुए और बिजली आफिस के पास पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने बिजली की घंटों कटौती को लेकर भारी नाराजगी जाहिर की और मौजूद अधिकारी और कर्मचारियों पर जमकर भड़ास निकाला। बाद में पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें समझाईश दी और उन्हें शांत कर वापस भेजा। इधर मामले की जानकारी मिलने पर विधायक भी मौके पर पहुंच गए।



बिजली आफिस पहुंचे विधायक ब्यास कश्यप।

### 2 सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरीं मितानिनें, स्वास्थ्य सेवा पर पड़ा असर

2 सुत्रीय मांगो को लेकर मितानिने सडक पर उतर गई। जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाऐ प्रभावित हुई। वही जिला मुख्यालय जांजगीर में उन्होंने बरसते पानी के बीच रैली निकालकर अधिकारियो को ज्ञापन सौपा। ग्रामिण क्षेत्रो में गर्भवती महिलाओ की देखभाल , लोगो के घरो तक दवाई पहुंचाने का काम मितानिनो के माध्यम से ही होता है। गौरतलब है कि ग्रामिण क्षेत्रो में स्वास्थ्य विभाग से जुडी मितानिनो ने अपनी 2 सुत्रीय मांगो को लेकर मंगलवार 19 अगस्त को जिला मुख्यालय जांजगीर के बीटीआई चौक से लेकर कचहरी चौक के मध्य बरसते पानी के बीच रैली निकाली । जिले में करीब 2 हजार से अधिक मितानिने कार्यरत है। जिन्हें स्वास्थ्य सेवाओ से संबंधित कामकाज करने के दौरान प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाति है। लेकिन मितानिन इन दिनो अपनी समस्या को लेकर परेशान है। जिसके चलते उन्होंने एनएचएम कर्मचारियो की तरह स्वास्थ्य सेवा में रखने के साथ साथ करीब 50 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि बढाऐ जाने की मांग को लेकर आंदोलन किया। इधर मितानिनो के आंदोलन करने के चलते ग्रामिण क्षेत्रो की स्वास्थ्य व्यवस्थाओ पर इसका असर पडा है।

### दूसरे दिन भी आंदोलन पर डटे रहे एनएचएम कर्मचारी

10 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम के संविदा कर्मचारी मंगलवार 19 अगस्त को भी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर रहे। उनके इस आंदोलन से जिला अस्पताल समेत जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा विभागीय कामकाज प्रभावित होने लगा है। कि छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने संविदा कर्मचारियों को नियमित करने समेत उनकी अन्य मांगों को लेकर शासन के समक्ष अपनी बात रखी थी। वहीं इस दिशा में उचित पहल नहीं होने पर सोमवार 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी भी दी थी। इसी कड़ी में प्रदेश संघ के आह्वान पर जिले के एनएचएम संविदा कर्मचारी जिला मुख्यालय जांजगीर के भाठापारा मैदान में एकजुट हुए और यहां धरना प्रदर्शन करते हुए अपने आंदोलन का आगाज किया। जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा जिला अस्पताल में पदस्थ संविदा कर्मचारियों को कामकाज ठप करके हड़ताल में जाने से सभी जगहों पर व्यवस्था प्रभावित हुई।

# रेत के अवैध परिवहन व उत्खनन पर कार्रवाई, दर्जनों वाहनों को किया जब्त

## खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई



थाना परिसर में रखे जब्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 15 प्रकरणों में 15 से अधिक वाहनों की जब्ती बनाई गई है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं अनिल कुमार साहू, खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में विगत 1 सप्ताह में खनिज उडनदस्ता दल प्रभारी रेखा लाल राजपूत, खनि निरीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के प्रभावी रोकथाम हेतु औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान हनुमान धारा चांपा स्थित हसदेव नदी से खनिज रेत के अवैध उत्खनन करते 01 जेसीबी जप्त कर थाना चांपा की सुपुर्दगी मे दिया गया है तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खनिज रेत के अवैध परिवहन के 8 प्रकरण 7 हाईवा एवं 1 टेक्टर दर्ज किया गया है। इसी प्रकार खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर के अवैध परिवहन के 07 प्रकरण (06 हाईवा एवं 01 टेक्टर) दर्ज किया गया है। जप्त वाहनों को जिले के अलग-अलग थाना परिसर चांपा, बम्हनीडीह, मुलमुला, पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट परिसर के सुरक्षार्थ रखा जाकर वाहन मालिको के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि खनिज एवं राजस्व अमला द्वारा 15 अगस्त को शिवरीनारायण के पास ग्राम भोगहापारा का संयुक्त मौका जांच के दौरान खनिज रेत अवैध भण्डारण का 1 प्रकरण दर्ज किया जाकर अवैध भंडारण कर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के उपरोक्त दर्ज प्रकरणों पर खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्राणघातक हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को सिंघानिया पेट्रोल पंप के सामने शाम 7 बजे दिलेश्वर भैना उम्र 15 वर्ष, भुनेश्वर भैना उम्र 25 वर्ष, अमन सारथी उम्र 22 वर्ष एवं मोनू नवरंग उम्र 25 वर्ष सभी निवासी ग्राम मुरमुरा शराब की नशे में उत्पात मचा रहे थे एवं गाली गलौज कर रहे थे। इस दौरान एक युवक से दिलेश्वर भैना का वाद विवाद हो गया। उक्त युवक के द्वारा कुछ देर बाद अपने साथियों को बुलाने पर दोनों पक्षों में हाथापाई होने लगा। इस दौरान एक युवक ने दिलेश्वर भैना एवं अमन सारथी पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें दिलेश्वर भैना गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी विजय पाण्डेय के निर्देशन एवं एएसपी उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में आरोपी प्रभात यादव, संजीव कुमार को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया एवं प्रकरण में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया था। घटना में फरार एक अन्य आरोपी आशीष कुमार यादव उम्र 24 साल निवासी अकलतरा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं पुलिस कर्मियों का योगदान रहा।



# ट्रक चालक से लूटपाट, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नेशनल हाईवे रोड तरौद चौक में ट्रक ड्रायवर से लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना अकलतरा के तरौद चौक का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज तिवारी निवासी अहिवारा नंदनी खुंदनी थाना नंदनी जिला दुर्ग के द्वारा 14 जुलाई को जे.के. लक्ष्मीन सीमेट फैक्ट्री अहिवारा जिला दुर्ग से ट्रक कमांक सीजी 04 एच.डब्ल्यु 6317 मे सीमेंट लोड करके चांपा के लिये अपने हेल्फर नारायण पटेल के साथ गाडी लेकर निकला था। लगभग 5 बजे सुबह तरौद चौक अकलतरा नेशनल हाइवे पर पहुंचकर चांपा जाने के रास्ता पूछने के लिये गाडी को खड़ी किया, उसी समय मोटरसाइकिल में सवार होकर चार युवक आए एवं गाडी के केबिन के ऊपर जबरदस्ती चढ़कर ड्राइवर एवं हेल्पर से मारपीट करते हुये पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर एक व्यक्ति अपने हाथ मे रखे चाकू से मारने लगा। पेट के दाहिने तरफ चोट लगा व ट्रक के केबिन ऊपर पर्स रखा हुआ था जिसमे नगदी रकम 5 हजार रूपये को लूट कर ले गये। घटना रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर धारा 309(4),3(5) बीएनएस के अंतर्गत विवेचना में लिया गया था। पूर्व में आरोपी निखील उर्फ रिंकू मरावी एवं रंजनीकांत खाण्डेकर के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है, एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। प्रकरण के अन्य आरोपी विकाश उर्फ छोटा पटेल निवासी जयरामनगर जो घटना घटित कर फरार था। जिसे मंगलवार 19 अगस्त को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा की होड़, कार्रवाई का पता नहीं

# स्थगन आदेश के बाद भी मुख्य मार्ग पर कर रहे मकान निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

शासन के आदेश का उल्लंघन कर शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। स्थिति यह है कि डभरा खरसिया मुख्य मार्ग पर बेजाकब्जा कर मकान बना रहे है। वहीं इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

गौरतलब है कि तहसील डभरा अंतर्गत मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम गोबरा का है जहां जहां शासकीय जमीन पर अवैध रूप से मकान निर्माण किया जा रहा है जहां पर अवैध निर्माण किया जा रहा है वह डभरा खरसिया मुख्य सड़क पर है जो कि बेशकीमती जमीन है उक्त निर्माण के विरुद्ध ग्रामवासियों द्वारा शिकायत किए जाने पर तहसीलदार के द्वारा स्थगन आदेश जारी करते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगा दिया गया लेकिन सरकारी आदेश का अवहेलना करते हुए पुनः अवैध निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है सबसे दिलचस्प बात यह है कि उक्त शासकीय जमीन पहले किसी और के कब्जे में थी और उस जमीन वर्तमान अवैध निर्माणकर्ता के पास लाखों रुपए में बेच दिया और बाकायदा स्टांप पेपर में खरीदी बिक्री का लिखा पढ़ी करते हुए नोटरी से शपथ भी करवाया गया है। इस तरह से शासकीय और बेशकीमती जमीन को खरीदने और बेचने का गोरख धंधा चल रहा है। अब देखना है कि इस मामले में प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।



डभरा खरसिया मुख्य मार्ग पर हो रहा बेजाकब्जा

### की जाएगी कार्रवाई

डभरा खरसिया मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इसका मामला तहसील स्तर पर चल रहा है। प्रकरण की सुनवाई होने के बाद नियमों के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्वाई की जाएगी।

**-संजय मिंज,**
तहसीलदार, डभरा


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### सशिमं के खेलकूद कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सरपंच बाबू सिंह, शालिनी सिंह सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों के जोश और उत्साह को देखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उनकी सराहना की। डॉ. पवन कुमार सिंह ने बच्चों को खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को ऐसे आयोजन करने के लिए बधाई दी। वहीं, सरपंच बाबू सिंह और शालिनी सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिसे प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामवासियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

### 9 सूत्रीय मांग को लेकर किसान सभा करेगी आंदोलन




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण, मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने,पुनर्वास गांव में बसे भू विस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने के साथ 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 13 अगस्त को कटघोरा एसडीएम कार्यालय का घेराव करने के बाद मांगे पूरी नहीं होने पर 20 अगस्त को कुसमुंडा में खदानबंद की घोषणा की थी। प्रशासन और एसईसीएल के आश्वासन से थके भूविस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आंदोलन को सफल बनाने की तैयारी को लेकर प्रभावित गांव में बैठक कर भू विस्थापित किसानों को एकजुट किया जा रहा। 20 अगस्त को कुसमुंडा खदान में महाबंद को सफल बनाने के लिए 1386 दिनों से चल रहे धरना स्थल में कुसमुंडा से प्रभावितों की बैठक हुई जिसमें आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति भी तैयार की गई। भूविस्थापित संघ के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव, जय कौशिक, दीपक साहू, सुमेंद्र सिंह, रघु यादव ने कहा कि खदान बंद और घेराव में 15 से अधिक प्रभावित गांव के भूविस्थापित किसान शामिल होंगे।

### जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन



**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी बीपी कश्यप के कुशल संचालन में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जमनीपाली में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता के अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पी.डी. मनिकपुरी एवं एसएस खान सहित शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में जीपी बंजारें, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लफा एवं श्रीमती मंजू तिवारी, प्राचार्य ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में एसएजीईएस, एनसीडीसी की टीम ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह टीम अब आगामी सितंबर माह में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रागिनी चौहान एवं आभार जेपी साहू ने किया।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप कल

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 21 अगस्त को प्लेसमेन्ट केंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट के माध्यम से श्रमीन टेंलेंट प्रा0लि0 रायपुर, द्वारा फिल्ड टेक्निशियन 150 पद, कम्युनिकेशन लिमि0 बिलासपुर फिल्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह 25, सिनियर फिल्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह 10, आईसेक्ट पीएमकेके कोसाबाड़ी-1. सेल्स मैनेजर-1, 2.बिलिंग+कैशियर 1, सर्विस स्टॉफ 2, सेल्फ एक्जीक्यूटिव्ह (फिल्ड) 3, रजिस्टर वर्क/मैनेजमेंट स्टॉफ-2, संजय इंडस्ट्रीज रजगामार में मशीन ऑपरेटर 3, रोलर फिटर 10, सुपरवाईजर 1, हेल्पर- 4 आदि कंपनी आएंगी।

## उद्योग मंत्री ने ली निगम के अधिकारियों की बैठक

# शिकायतों का त्वरित कराएं निराकरण निगम के विकास कार्यों में लाएं तेजी : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आमजनता की समस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों का शीघ्र निराकरण कराएं तथा जनता की अपेक्षाओं, उनकी मांगों व आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यों में आवश्यक तेजी लाएं, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, समयसीमा में कार्यों को पूरा करें एवं जिन कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराएं। केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

उक्त बातें प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला पंचायत के सभागार में निगम के अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यो की कार्य प्रगति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन व प्राप्त परिणामों तथा आमजनता की समस्याओं से जुडे.विषयों व उनके निराकरण संबंधी कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व पार्षद नरेन्द्र देवांगन भी उपस्थित थे। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के विकास कार्यो, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति एवं निगम से जुडे.विभिन्न कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की बिन्दुवार जानकारी बैठक में प्रस्तुत की तथा निगम द्वारा किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की मदवार व जोनवार जानकारी उद्योग मंत्री श्री देवांगन को दी। बैठक के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, 15वें वित्त आयोग मद, प्रभारी मंत्री मद, विधायक मद, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद, राजस्व व आपदा प्रबंधन मद, निगम मद, एन.सी.ए.पी. मद सहित अन्य विभिन्न मदो के अंतर्गत प्रस्तावित, स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जोनवार जानकारी लेते हुए कार्यो की वर्तमान प्रगति की सघन रूप से समीक्षा की। मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि प्रगतिरत निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें एवं समयसीमा में कार्यो को पूरा कराएं। उन्होने कहा कि जो कार्य स्वीकृत हैं, उनकी निविदा आदि की प्रक्रिया में तेजी लाएं एवं जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उन कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराएं।



अधिकारियों की बैठक लेते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

### बिना भेदभाव के सभी वार्डो में हो विकास कार्य

बैठक के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमारा संकल्प है कि निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य कराएं जाएं, वार्डो के नागरिकों की मांग व उनकी आवश्यकता को देखते हुए विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार हों एवं वार्डवासियों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर विकास के बडे कार्यो के साथ-साथ वार्ड व बस्तियों में सी.सी. रोड, नाली, स्ट्रीट लाईट, विद्युत विस्तार, पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक शेड, चबूतरा, सामुदायिक भवन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुडे निर्माण कार्यो पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने निगम के जोन स्तर पर वार्ड पार्षदों के साथ बैठक आयोजित करने तथा वार्डवार विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा, समस्याओं व शिकायतों के निराकरण की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाएं

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने निगम की सफाई व्यवस्था व साफ-सफाई से जुडे कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में देश में कोरबा के 8वें स्थान पर आने, वाटर प्लस व थ्री स्टार रैंकिंग प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि कोरबा को यह उपलब्धि यहॉ के जागरूक नागरिकबंधुओं की जागरूकता, निगम के अधिकारी कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों की मेहनत तथा निगम की महापौर, पार्षदगणों व जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन व सहयोग से प्राप्त हुई है किन्तु हमें कोरबा को अभी और आगे लेकर जाना हैं, और अधिक परिश्रम करना है। उन्होने कहा कि निगम की सफाई व्यवस्था में बेहतर कसावट लाएं, शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति लगातार सजग रहते हुए कार्य करें ताकि आगामी वर्ष में कोरबा को और अधिक बेहतर परिणाम मिल सके।

# बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी और पटाखा फोड़ने वाले बुलेट चालकों पर गिरी गाज



जप्त बाइक व चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में लगातार बढ़ते हुए अपराध और लापरवाह ड्राइविंग पर अब पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर शनिवार को कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने थाना परिसर के सामने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वाले, तीन सवारी बैठाकर सड़कों पर फर्राटा भरने वाले और बुलेट से पटाखों जैसी आवाज निकालकर अशांति फैलाने वाले चालकों पर कड़ी कार्यवाही की। अभियान के तहत करीब 18 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्रवाई खासकर युवाओं के बीच बढ़ती लापरवाहियों और अपराध प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि कई बार अभिभावक भी बच्चों को बिना लाइसेंस और बिना वाहन के कागजात के गाड़ियां चलाने के लिए प्रोत्साहित कर देते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और यही लापरवाही आगे चलकर अपराध और दुर्घटनाओं को जन्म देती है। उन्होंने साफ कहा कि यह कार्यवाही केवल एक दिन की नहीं रहेगी बल्कि निरंतर अभियान के रूप में आगे भी जारी रहेगी। नगर के कुछ युवाओं ने भी इस कार्यवाही का समर्थन किया और इसे कटघोरा पुलिस की सराहनीय पहल बताया। उनका कहना है कि इस तरह की कार्यवाही से सड़कों पर लापरवाह वाहन चालकों को सबक मिलेगा।

### चोरों का अब तक नहीं मिला सुराग

**हरदीबाजार।** एक सप्ताह पूर्व हरदीबाजार बीएनजी चौक के पास स्थित किशन ट्रेडर्स में अज्ञात दो चोरों के द्वारा दुकान के पीछे से सेंधमारी कर हार्डवेयर दुकान में रखे मोबाईल साफ्टवेयर, चिल्हर 2 हजार रुपए के लगभग, 3 टाईल्स कंकटर मशीन और कुछ समान कुल मिलाकर लगभग 50 हजार रूपए का चोरी कर ले गए। जिसकी तत्काल जानकारी हरदीबाजार थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस मौका मुआयना कर दोनों चोरों के सारी हरकतें सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। जिसके आधार पर थाना पुलिस के द्वारा पतासाजी की जा रही है।

# थरहा लेने गई विवाहिता की हत्या कर मानगुरु के पहाड़ में ठिकाने लगाया लाश को



घटनास्थल की जांच पड़ताल करती पुलिस व फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 35 वर्षीय महिला घर से खेती करने के लिए थरहा लेने के नाम पर निकली थी लेकिन वह देर शाम को घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता सताने लगी लेकिन पूरी रात वह घर नहीं लौटी। जिसके बाद अगले दिन महिला की लाश मानगुरु के पहाड़ में मिली है। जहां अज्ञात हत्यारे ने उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश की है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी नंदबाई 35 वर्ष पति उत्तम सिंह रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे अपने घर से धान का थरहा लेने जाने के नाम पर घर से निकली थी लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला और वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास व परिचितों के यहां उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद पूरी रात नंदबाई अपने घर वापस नहीं लौटी। इसके उपरांत परिजन उसकी खोजबीन में जुटे हुए थे। इसी बीच सोमवार की दोपहर नंदबाई की लाश कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर के पहाड़ पर मिली। लाश मिलने की सूचना पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। मानगुरू जंगल में महिला का शव मिलने की सूचना पर सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट कोरबा से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ राजश्री सिंह प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

मृतका सिर के दाहिने तरफ, पीठ में, दोनों हाथ में दोनों पैर में चोट के निशान एवं ख़ून के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नियत से घटना को अंजाम दिया जाना प्रतीत होता है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित कर एफएसएल परीक्षण हेतु भेजने एवं पोस्टमॉर्टम कराने निर्देशित किया गया है।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर का मामला

### भाड़ा वृद्धि नहीं हुई तो 20 अगस्त से खदानों में ट्रक व ट्रेलरों के थमेंगे पहिए

**कोरबा।** ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ के बैनर तले जिले के खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलर के पहिए 20 अगस्त की सुबह 6 बजे से लगभग 2 हजार ट्रक व ट्रेलर के पहिये थम जाएंगे। यदि हड़ताल लंबा खींचा तो निश्चित तौर पर कोयला परिवहन बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। ट्रक टेलर मालिक एसोसिएशन ने हड़ताल को लेकर शंखनाद कर दिया है और हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि ट्रक ट्रेलर मलिक सेवा समिति व कोल लिफ्टरों के बीच विगत दिनों भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर दीपका के सामुदायिक भवन में बैठक हुई थी लेकिन बैठक बेनतीजा रही थी। जिसके बाद ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ ने आंदोलन करने का शंखनाद कर दिया था। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर 20 अगस्त की सुबह 6 बजे से संघ हड़ताल कर रहा है जिसकी संघ ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो हड़ताल अनिश्चितकालीन होगा और 20 अगस्त की सुबह 6 बजे से जिले के सभी खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलरों के पहिये थम जाएंगे और लगभग 2 हजार ट्रकों के पहिये थमते ही कोयला परिवहन भी बुरी तरह से प्रभावित होगा। यदि हड़ताल 2 से 3 दिनों तक खींचा तो निश्चित तौर पर ढाई से 3 हजार ट्रक और ट्रेलर के पहिये थम जाएंगे और ऐसे में काम पूरी तरह से प्रभावित होगा।

### रेत परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** वनकर्मियों को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम घाटबर्रा निवासी ट्रेक्टर चालक पवन दास द्वारा वाहन मालिक हीरालाल के कहने पर ग्राम गिधमुड़ी के रुमराबहार नाला से एक ट्रीप रेता भरकर ग्राम गिधमुड़ी की ओर आ रहा था इसी दौरान वनकर्मी मौके पर पहुंचे और उनसे पूछताछ की तो उनके पास वनोपज से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। वन कर्मियों द्वारा वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर वाहन और वनोपज की जप्ती कर आवासीय परिसर मोरगा में रखा गया है। कार्यवाही में वनकर्मी विनोद कुमार, सुरेंद्र कंवर, पवन कुमार, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल मुकेश साहू, रंजीत कंवर, वनपाल बिंझवार, विनय कंवर, ललित रजक की मुख्य भूमिका रही।

### मकान से कार सहित अन्य सामानों की चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-2 के मकान नंबर एमआईजी 52 में एसके शर्मा अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। श्री शर्मा कमला नेहरू महाविद्यालय में स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर पदस्थ थे जो वहां से सेवानिवृत हो चुके हैं। बताया जाता है कि श्री शर्मा विगत दिनों किसी काम से सपरिवार बेंगलुरु गए हुए थे। इस दौरान उनके घर में ताला बंद था और सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने बीती रात को उनके मकान का ताला तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किया और पूरे घरों के कमरों का ताला तोड़ दिया और घर के सभी कमरों की तलाशी ली। हालांकि घर में कुछ सोने चांदी के ठोस सामान तो नहीं मिले लेकिन घर के भीतर कुछ चिल्लर पैसे व अन्य समान मिले और घर के भीतर रखे कार की चाबी को जब चोरों के हाथ लगी तो चोरों ने उनकी बलेनो कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 5810 को लेकर फरार हो गए। जब सुबह पड़ोसियों की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि श्री शर्मा के मकान का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना श्री शर्मा को दी। श्री शर्मा ने अपने पड़ोसियों रिश्तेदारों की मदद से चोरी होने की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी। चोरी की सूचना पाते ही सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा की सघन जांच की।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 178/ब-121/2024-2025
ग्राम-बारगांव तहसील-पामगढ़

आवेदक लोमेश कुमार मनहर उम्र 25 वर्ष पिता श्री बृजलाल मनहर जाति सूर्यवंशी निवासी बारगांव तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका ईश्वरी यादव उम्र 21 वर्ष पिता श्री लोचन प्रसाद जाति रावत निवासी चोरभट्ठी तहसील बिलाईगढ थाना सरसिवा जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.) **बनाम**, छत्तीसगढ़ शासन।

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम बारगांव तहसील पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक लोमेश कुमार मनहर उम्र 25 वर्ष पिता श्री बृजलाल मनहर जाति सूर्यवंशी निवासी बारगांव तहसील व थाना पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका ईश्वरी यादव उम्र 21 वर्ष पिता श्री लोचन प्रसाद जाति रावत निवासी चोरभट्ठी तहसील बिलाईगढ थाना सरसिवा जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 20.08.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16.07.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बड़ेसीपत प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. छपोरा तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नंबर 1087/69 रकबा 0.1380 हेक्टेयर भूमि स्वामी तुलेश्वर साहू व बद्री प्रसाद साहू दोनों पिता समारू साहू जाति तेली निवासी ग्राम बड़ेसीपत तहसील मालखरौदा जिला सक्ती के हक स्वत्व एवं आधिपत्य व कब्जे की है जिसमें से अंश रकबा 0.0530 हेक्टेयर (0.13 एकड़) को मेरे पक्षकार विजय कुमार साहू पिता रामनारायण साहू जाति तेली निवासी ग्राम बडेसीपत तहसील मालखरौदा जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा निकट भविष्य में इस भूमि का विधिवत पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय मालखरौदा जिला सक्ती छ.ग. में विधिवत पंजीयन निष्पादित होना तय हुआ है, इस भूमि की खरीदी बिक्री बाबत किसी भी व्यक्ति को, राष्ट्रीय कृत बैंकों, वित्तीय संस्थानों, ग्राम पंचायत अथवा राजस्व विभाग को अथवा अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर समस्त कागजात सहित दावा आपत्ति मेरे कार्यालय में पेश कर सकते हैं, उसके बाद की गयी किसी भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं क्रेता उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक : 19/08/25

भवदीय
ठाकुरराम मनहर अधिवक्ता
व्यवहार न्यायालय मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) 405691 मो. 6260549810

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- नि:संतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतो का फटना, वसैक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**खबर संक्षेप**

## व्याख्याताओं का प्राचार्य पदोन्नति में अनियमितता

**तमनार।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग टी संवर्ग महानदी भवन नया रायपुर के आदेश से 30 अप्रैल 2025 के अंतर्गत प्राचार्य पदोन्नति सूची जारी की गई जिसमें घोर अनियमितता परिलक्षित होती है लोक शिक्षण संचलनालय द्वारा 1अप्रैल 23 की वरिष्ठता सूची के अनुसार व्याख्याताओं से गोपनीय प्रतिवेदन मंगाई गई किंतु विभाग द्वारा जारी प्राचार्य पदोन्नति सूची एल बी टी संवर्ग में वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर 301 प्राचार्थों की चयन सूची जारी की गयी जिसमें वरिष्ठता क्रम की धज्जीयाँ उडाते हुए सरल क्रमाक 306 के बाद 80 व्ख्याताओं को पदोन्नत सूची मे नाम आ गया जबकि सरल क्रमांक 268 से 306 तक कुल 39 रायगढ़ जिले के ही व्याख्याताओं को छोड़ दिया गया उक्त विसंगति का अभ्यावेदन रायगढ़ जिले के व्याख्याताओं द्वारा 01 मई को लिखित रुप में संचालक लोक शिक्षण संचलनालय को दिया गया ततपश्चात कई बार दिया जा चुका है परंतु आज तक अभ्यावेदन का निराकरण नहीं किया गया लोक शिक्षण संचालनालय जाने पर दिनभर एक के बाद एक के पास भेजा जाता है किन्तु कोई हल नही निकलता इस तरह प्राप्त अभ्यावेदनों का बिना निराकरण किये ही पदोन्नति प्राचार्य ;टी संवर्गद्ध की काउंसलिंग सूची जारी कर 20 अगस्त 25 से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है इससे साफ साफ शिक्षा विभाग की लापरवाही और अन्दरुनी बातों की ओर इशारा करता है।

## नवजात शिशुओं को किया सुरक्षा किट का वितरण

**चांपा।** स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा क्लब के संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार रविवार 17 अगस्त को श्रीमती हेमिनबाई रामनारायण राठौर मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती 19 नवजात शिशुओं की माताओं को बच्चों की सुरक्षा के लिए हिमालिया कंपनी की ओर से प्रदत्त सुरक्षा किट का वितरण किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्य संपादित करता है। इसके तहत समय समय पर जरूरतमंद लोगों की आवश्यकतानुरूप उन्हें लाभ पहुंचाने का प्रयास क्लब द्वारा निरंतर किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित लायन डॉ. के. पी. राठौर ने कहा कि नवजात शिशुओं को प्रारंभिक दिनों में अधिक सुरक्षित देखभाल की जरूरत होती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्हें सुरक्षा किट का वितरण किया जा रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. अतुल राठौर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लायन सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन सहित लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने दी।

## सरसीवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से संपन्न



**सरसीवा।** नगर पंचायत सरसीवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास और धार्मिक उमंग के साथ संपन्न हुआ। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश जिला पंचायत संघ के अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दुर्गेश केसरवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शिव कुमारी साहू, श्रीमती सहोदरा सिदार, श्रीमती सुशीला साहू, श्रीमती भगवती पटेल, गोपाल पांडे महाराज, नीतीश बंजारे, सुनील शर्मा, नीलेश दुबे, दिनेश चंद्रा, मुंद्रिका राय सहित नगर पंचायत के वरिष्ठ जन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की झांकियों, भक्तिमय भजन-कीर्तन और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### राज्यपाल करेंगे शुभारंभ, मुख्यमंत्री होंगे समापन समारोह में शामिल

# 40 वां चक्रधर समारोह 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक, रामलीला मैदान में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




देश विदेश में प्रतिष्ठित रायगढ़ के चक्रधर समारोह के 40 वें संस्करण का शुभारंभ 27 अगस्त से होने जा रहा है। 10 दिवसीय समारोह में देश के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देने पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग, पर्यटन मण्डल एवं जन सहयोग से जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध 40 वें चक्रधर समारोह 2025 का आयोजन आगामी 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक किया जाएगा। समारोह का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समापन समारोह में शिरकत करेंगे। यह भव्य सांस्कृतिक आयोजन प्रतिदिन सायं 7 बजे से रामलीला मैदान रायगढ़ में होगा।

समारोह का शुभारंभ 27 अगस्त को गणेश वंदना के साथ होगा, जिसे स्व. वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात दिल्ली से आए पंडित राजेन्द्र गंगानी कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे और प्रसिद्ध कवि डॉ.कुमार विश्वास अपनी ओजस्वी काव्य प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। द्वितीय दिवस 28 अगस्त को श्रीमती पूजा जैन रायगढ़ द्वारा कथक सुश्री राजनंदिनी पटनायक रायगढ़ द्वारा ओडिशी, श्रीमती प्रियंका सलूजा बिलासपुर द्वारा कथक, डॉ.राखी रॉय भिलाई द्वारा भरतनाट्यम एवं सुश्री देविका देवेन्द्र एस मंगलामुखी आगरा द्वारा कथक की प्रस्तुति दी जाएगी।

तृतीय दिवस 29 अगस्त को सुश्री राधिका शर्मा रायपुर एवं सुश्री अंजली शर्मा पुणे द्वारा कथक गुरू श्रीमती बाला विश्वनाथ बेंगलोर द्वारा भरतनाट्यम, सुश्री आरू साहू धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं महाराष्ट्र के पंण्योगेश शम्सी तबला पर प्रस्तुति देंगे। 30 अगस्त को प्रो.डा.लवली शर्मा खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय द्वारा सितार वादन, सुश्री इशिका गिरी रायपुर द्वारा कथक, सुश्री भूमिसुता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल रायपुर द्वारा ओडिसीए श्रीमती श्वेता वर्मा लखनऊ द्वारा कथक, पद्मश्री राधेश्याम बारले भिलाई द्वारा पंथी एवं जनाब अनीस साबरी दिल्ली द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति दी जाएगी।

31 अगस्त को सुश्री आद्या पाण्डेय भिलाई द्वारा भरतनाट्यम सुश्री शैल्वी सहगल रायगढ़ द्वारा कथक सुश्री अन्विता विश्वकर्मा रायपुर द्वारा शास्त्रीय नृत्य शैली, डॉ.कृष्ण कुमार सिन्हा राजनांदगांव कथक पर प्रस्तुति देंगे। इसी दिन कवि सम्मेलन होगा जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों द्वारा चिराग जैन एंड कं दिल्ली एवं बंशीधर मिश्रा हास्य कवि बिलाईगढ़ द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।

01 सितम्बर को डॉ.योगिता मांडलिक इंदौर द्वारा कथक भूपेन्द्र बरेठ एवं ग्रुप बिलासपुर द्वारा कथक डॉ.विपुल रॉय दिल्ली द्वारा संतूर वादन एवं नितिन दुबे एवं ग्रुप रायगढ़ लोक गायन पर प्रस्तुति देंगे। 02 सितम्बर को कुमारी काजल कौशिक बिलासपुर द्वारा कथक नरेन्द्र गुप्ता रायगढ़ द्वारा काव्य पाठ, सचिन कुम्हरे कबीरधाम द्वारा कथक, श्रीमती छाया चंद्राकर एवं समूह रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत एवं खैरागढ़ के दीपक दास महंत तबला वादन पर प्रस्तुति देंगे। 03 सितम्बर को अर्नव चटर्जी मुंबई द्वारा गायन, श्रीमती वासंती वैष्णव एवं समूह बिलासपुर द्वारा कथक, श्रीमती अजीत कुमारी कुजूर रायपुर द्वारा भरतनाट्यम, श्रीमती निलांगी कालान्तरे जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा कथक एवं अबुझमाड़ के मनोज प्रसाद मलखम्ब का प्रदर्शन करेंगे। 04 सितम्बर को कुमारी नित्या शर्मा सतना द्वारा कथक लखनऊ घराना सुश्री यामी वैष्णव सारंगढ़ द्वारा कथक मोहित शास्त्री मुम्बई द्वारा बांसुरी वादन, कलईमामणि गुरू श्रीमती गोपिका वर्मा चेन्नई द्वारा मोहिनी अट्टम एवं श्रीमती कविता वासनिक एवं ग्रुप दुर्ग छत्तीसगढ़ी लोकरंग पर प्रस्तुति देंगी। समापन दिवस 5 सितम्बर को पद्मश्री डॉ. नलिनी कमलिनी अस्थाना दिल्ली द्वारा कथक एवं प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर मुम्बई गायन की प्रस्तुति देंगे।

### 1 से 3 सितम्बर तक होगी कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता

चक्रधर समारोह के अंतर्गत 1 से 3 सितम्बर तक मोतीमहल परिसर रायगढ़ में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।



## बिंजकोट में अवैध शराब पर रेड, महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए मंगलवार को ग्राम नावापाली बिंजकोट में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 15 लीटर महुआ शराब और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अमित शुक्ला को सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से महुआ शराब लेकर ग्राम लहंगापाली की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम रवाना की गई और बिंजकोट केलो नदी पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सत्यनारायण चौहान पिता कष्टो चौहान उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम एकताल स्कूलपारा थाना चक्रधरनगर बताया। आरोपी के पास से दो प्लास्टिक जरीकेन में भरा करीब महुआ शराब बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 3 हजार रुपये है। इसके साथ ही आरोपी से एक सोल्ड एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसका मूल्य 48 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी सत्यनारायण चौहान के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की और उसे रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संतोष कुमार कुर्रे, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, मिनकेतन पटेल और सुशील मिंज की अहम भूमिका रही।

## पुसौर हायर सेकेंडरी स्कूल में विकास और छात्रों का प्रोत्साहन जारी



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला विकास समिति के सक्रिय प्रयासों से शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिल रहे हैं। समिति अध्यक्ष भरत षडंगी एवं अन्य सदस्यगण स्कूल के विकास और छात्रों की पढ़ाई में उत्कृष्टता लाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

समिति के प्रयासों के तहत पूरे शाला भवन में विद्युतीकरण, पंखा व्यवस्था और रंग-रोगन कराया गया है। इसके अलावा, शाला परिसर में एनटीपीसी लारा के सहयोग से शौचालय का निर्माण भी संपन्न हुआ है। हाल ही में क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रायोगिक शाला भवन हेतु स्वीकृति भी प्रदान की गई है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मानी मोहित सतपथी, पार्षद पति अंशु साव, निराकार पटेल, पार्षद फगुलाल गुप्ता, रूपेश साव सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अमरबेली केरकेटा और शाला परिवार ने की। इस अवसर पर 10वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त मनीष सरल और 12वीं में अनिस चौहान को 51-51 सौ रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। साथ ही, टॉप टेन छात्रों के लिए 51,000 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की गई। प्रत्येक कक्षा में अधिक अंक लाने वाले छात्रों को 500-500 रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया, जिनमें श्याम गुप्ता, हर्ष चौहान, शत्रुघन चौहान, तपस्विनी माली, दिव्या साव, जितेन्द्र गुप्ता, रिंकी निशाद और मनीष साव शामिल हैं। कुछ ही दिन पहले, स्कूल के रसायन विषय के व्याख्याता नैमिष पाणिग्राही को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें भी भरत षडंगी द्वारा साल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## रावत समाज को केन्द्र में शामिल करने की मांग

**रायगढ़।** झेरिया यादव समाज ने राज्यभर में रावत उपनामधारी वर्ग को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर ज्ञापन अभियान चलाया। रायगढ़ समेत सभी जिलों में समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टरों को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने रावत समाज को ओबीसी की मान्यता दी है, लेकिन केंद्र सूची में नाम शामिल न होने से यह वर्ग आरक्षण और योजनाओं के लाभ से वंचित है। प्रदेश उपाध्यक्ष भगतराम यादव ने कहा कि इससे समाज शैक्षणिक और सामाजिक अवसरों में पिछड़ रहा है। वहीं राजनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू यादव ने पूर्व सरकारों पर गंभीर पहल न करने का आरोप लगाया। प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार यादव ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पहल नहीं हुई तो समाज राज्य से लेकर केंद्र तक आंदोलन करेगा। अब तक आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन समाज के नेताओं ने संकेत दिया कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो संघर्ष तेज होगा।

## एनटीपीसी लारा ने छपोरा के बच्चों के सपनों को दी नई उड़ान

**रायगढ़।** छपोरा गाँव के शासकीय विद्यालय का वातावरण मंगलवार की सुबह उत्साह और खुशी से भर गया। बच्चे नई उम्मीद और जोश के साथ विद्यालय पहुँचे क्योंकि उस दिन उनके सपनों को नई उड़ान देने एनटीपीसी लारा पहुँचा था। सीएसआर की महत्वाकांक्षी पहल आशाओं को पंख के अंतर्गत बच्चों को शिक्षा से जुड़ी जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई गई।

■ **आशाओं को पंख पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिले स्कूल बैग**

एनटीपीसी लारा केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि आसपास के गाँवों की सामाजिक प्रगति में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। आशाओं को पंख जैसी पहल इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा में किया गया निवेश ही सबसे बड़ा और अमूल्य निवेश है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल बैग, स्टेशनरी किट और पानी की बोतलें वितरित की गईं। पहली नजर में ये साधारण वस्तुएँ भले लगें, पर



बच्चों के लिए यह आत्मविश्वास सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बन गईं। कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, धनेश्वर प्रधान, सरपंच ग्राम पंचायत छपोरा, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में गाँववासी भी शामिल हुए। अपने प्रेरणादायी संबोधन में अनिल कुमार ने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें, बड़े सपने देखें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि एनटीपीसी लारा शिक्षा और सामाजिक विकास की दिशा में इसी तरह सहयोग देता रहेगा।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के न्यायाधीश श्रीमान अभिषेक शर्मा ने आज हत्या के आरोपी पुलूराम कुम्हार को अपनी पत्नी सुकरी बाई की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने साथ ही मृतिका के विधिक वारिसों को क्षतिपूर्ति के रूप में 1 लाख रुपये देने की भी अनुशंसा की, जो विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे।

मामले का विवरण बताते हुए मृतिका के भाई नंदलाल कुम्हार ने कहा कि उनकी बड़ी बहन सुकरी बाई का विवाह ग्राम रूप डेगा के पुलूराम कुम्हार के साथ हुआ था। दंपति के कोई संतान नहीं थी। 17 अक्टूबर 2023 की सुबह उनके भतीजी के दामाद लोहरा कुम्हार ने मोबाइल के माध्यम से सूचना दी कि सुकरी बाई का निधन हो गया है। जब नंदलाल कुम्हार ग्राम रूप डेगा पहुँचे, तो उन्होंने अपनी बहन को खाट पर मृत पाया, जिसके चेहरे और शरीर पर मारपीट और चोट के स्पष्ट निशान थे। आस-पड़ोस के लोगों से



पूछताछ करने पर यह पता चला कि 16 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे पुलूराम कुम्हार और उनकी पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान पुलूराम ने अपनी पत्नी पर हाथ उठाया, जिससे उनकी मृत्यु हुई। थाना लैलूंगा में मर्ग इंटिमेशन दर्ज किया गया और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार ने मामले की सूक्ष्मता से विवेचना की। अभियुक्त ने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त साक्ष्य जब्त किए गए। अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और मामले की सुनवाई के दौरान सभी अभियोजन साक्षियों के बयान दर्ज किए गए। दोनों पक्षों के वकीलों के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने पुलूराम कुम्हार को दोषी ठहराया। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने मामले में पक्ष रखा। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि मृतिका के विधिक वारिसों को उचित क्षतिपूर्ति और न्याय मिलने से ही समाज में कानून का सम्मान और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित होंगे।












## खबर संक्षेप

### सुशीला को बनाया गया भाजपा जिलामंत्री



**हसौद।** हसौद की सक्रिय भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य सुशीला सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी सक्ती का जिलामंत्री नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय तथा सक्ती भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के अनुमोदन के पश्चात 18 अगस्त, सोमवार की देर शाम सक्ती जिला भाजपा संगठन में नये पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें सुशीला सिन्हा को जिलामंत्री का दायित्व सौंपा गया। हसौद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलामंत्री के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। सुशीला सिन्हा जिला पंचायत क्षेत्र क्र.10 हसौद की जिला पंचायत सदस्य होने के साथ-साथ वन स्थायी समिति की सभापति भी हैं। सामाजिक कार्यों और पार्टी में उनकी सक्रियता तथा जैजैपुर-हसौद क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती द्वारा विकासखंड जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भातमाहुल में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन के इच्छुक संस्थाओं लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए 25 अगस्त तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती में आवेदन किया जा सकता है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार भातमाहुल में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। स्थानीय ग्राम पंचायत, स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, व अन्य सहकारी समितियों आदि को सूचित किया गया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्था समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि और समय तक संबंधित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### कुत्तों से जान बचाने भागता कोटरी कुएं में गिरा



**रायगढ़।** जिले के छाल रेंज में कुत्तों से जान बचा कर भाग रहा एक कोटरी गहरे कुएं में जा गिरा। जिसे गांव के ग्रामीणों ने कुएं से सुरक्षित बाहर निकाल कर वन विभाग की टीम को मामले की जानकारी दी और कोटरी को उनके सुपुर्द कर दिया। दरअसल छाल रेंज के ग्राम बेहरामुड़ा में मंगलवार की सुबह एक कोटरी कुत्तों से बचने के दौरान भागते हुए अचानक कुएं में गिर गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत कर कुएं में सीढ़ी लगाकर कुएं में उतरकर कोटरी की जान बचाई।

### निधन

#### भगवती देवी दुबे



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत खोखसा की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती भगवती देवी दुबे का गुरूवार 14 अगस्त को निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान सजातीय बंधु समेत गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे संजय दुबे एवं धनंजय दुबे की मां थी।

## डिजीटल फसल सर्वेक्षण का काम 30 सितंबर तक करें पूरा

# विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को खरीफ फसलो का डिजीटल फसल सर्वेक्षण 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 19 अगस्त को समय सीमा की बैठक में जिले के 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो के लिए वय वंदन योजना अंतर्गत कार्ड निर्माण के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयो में प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, एग्रीस्टेक के माध्यम से किसान पंजीयन एवं फार्मर आईडी निर्माण की स्थिति, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़क निर्माण हेतु भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की विभागवार जानकारी ली तथा तेजी से लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 अंतर्गत जनता को लाभ पहुचाने वाली विभिन्न गतिविधियों का सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विनय कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सरहर व चोरिया में बनेगा महतारी सदन, नेता प्रतिपक्ष महंत ने दी राशि

## 30-30 लाख की लागत से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अनुशंसा पर उनके विधानसभा क्षेत्र सक्ती अंतर्गत सरहर व चोरिया गांव में महतारी सदन का निर्माण होगा। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 30- 30 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पिछले दिनों पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पत्र लिखकर सीएलएफ की संलग्न सूची के आधार पर सक्ती विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चोरिया और ग्राम पंचायत सरहर में महतारी सदन निर्माण के लिए आवश्यक दिशानिर्देश प्रसारित करने कहा था। जिस पर शासन द्वारा सक्ती विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चोरिया और सरहर में महतारी सदन निर्माण के लिए 30-30 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत के जिला प्रतिनिधि ठा.गुलजार सिंह ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के दौरान उक्त गांव का दौरा किया गया था, जहां इस निर्माण कार्य की आवश्यकता बताई गई थी। इसके आधार पर डॉ. महंत की अनुशंसा पर वहां महतारी सदन निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है।

# जुआ खेलने वाले 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार

■ नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोधना का मामला

**नवागढ़।** ग्राम गोधना में ताशपत्ती के माध्यम से जुआ खेलने वाले 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से ताश, मोबाइल एवं 52 सौ नगदी बरामद किया गया है।

नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोधना में जुआ खेलने की जानकारी मुखबिर के माध्यम से मिली। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार जुआरियों में ग्राम गोधना निवासी प्रदीप साहू उम्र 46 वर्ष, अरुण कुमार चौहान उम्र 30 वर्ष, भरत लाल साहू उम्र 38 वर्ष, गणेश राम कुर्रे उम्र 43 वर्ष, जितेंद्र साहू उम्र 49 वर्ष एवं छोटेलाल काटले उम्र 43 वर्ष के नाम शामिल है। वहीं उनके कब्जे से ताश, मोबाइल एवं 52 सौ रुपए नगदी को बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, प्रधान आरक्षक प्रेमलाल दिवाकर आरक्षक आरक्षण चंद्रमणि कश्यप, देवराज लसार, श्याम कुमार शांते एवम थाना स्टाफ का योगदान रहा।

# संभाग स्तरीय शालेय कराते क्रीड़ा प्रतियोगिता में 40 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार



9वर्षीय बालक बालिका संभाग स्तरीय शालेय कराटे कीड़ा प्रतियोगिता पेंड्रा में आयोजित किया गया है। जिसमें बिलासपुर संभाग से 6 जिला से 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

ज्ञात हो कि सक्ती जिला से दल प्रबंधक के रूप में सुमित खुंटे के नेतृत्व में दो खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय में चयनित हुआ। शसकीय कन्या शाला बाराद्वार की छात्रा रजनी खुंटे ने अपने वर्ग में -48 कि.ग्रा वर्ग में प्रथम स्थान और स्वामी आत्मानंद बाराद्वार के छात्र दिनेश कुमार ने ही 70कि.ग्रा.वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला, स्कूल और अपने माता पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सक्ती डीईओ श्रीमति डॉ.कुमुदिनी वाघ द्विवेदी और सहायक जिला शिक्षा अधिकारी आ.आर.राज, बाराद्वार नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, वार्ड नंबर 10 पार्षद अजय राजपूत, वार्ड नंबर 12 पार्षद भोजराम खुंटे, वार्ड नंबर 11 पार्षद ओमप्रकाश कुर्रे, ज्ञान शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल बाराद्वार के संचालक लीलाधर साहू जीझलरौंदा स्कूल के शिक्षा सावन गुजराल, ऋषि वैष्णो ने उज्जवल भविष्य की कामना की। बाराद्वार कराते प्रशिक्षक इंद्रजीत, सहोद्रा खुंटे कराते संघ के सिनियर कोच संतोष खूंटे कमलेश बरेठ, पिकेश खुंटे,मयंक, एवं सक्ती विकासखंड क्रीडा प्रभारी विनोद उराव, व्यायाम शिक्षक भोग सिंह कंवर, मोहन सिंह राठिया विजय तेली, चोरेंद्र सिंह पैकरा, श्रीमती कालेश्वरी साहू ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालदेवरी



देवकी नन्दन झेरिया यादव समाज बिलासपुर की जिला इकाई द्वारा इस वर्ष 16 अगस्त को चांपा में जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर और सीबीएसई के 10वी ,12वी बोर्ड में 70 प्रतिशत से ऊपर प्राप्त समाज के बच्चो को नगद राशि मोमेंटो, प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर लखेश्वर यादव, नायब तहसीलदार सहोरिक यादव अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी छ ग मा शि मंडल रायपुर और सीबीएसई के 10वी,12वी बोर्ड में 70 प्रतिशत से ऊपर प्राप्त समाज के बच्चो को नगद राशि मोमेंटो, प्रणाम पत्र दिया गया। प्रथम स्थान में 5501 रुपए द्वितीय स्थान में 3501 तृतीय स्थान पर 2501 दिया गया। साथ ही अन्य नामांकित बच्चो को 501 रुपए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण झाकी , थाली सजाओ, रंगोली, राधा कृष्ण नृत्य और मटका फोड़ का आयोजन किया गया। उक्त विधा में भाग लेने वाले बच्चो और महिलाओं को नगद राशि और प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यकम में सुधीर यादव, प्रमोद यादव, रामेश्वर यादव, देवचंद यादव, डॉ सुनील कुमार यादव सुखी राम यादव,बेद राम यादव, गौतम यादव, शिवशंकर यादव, संजय यादव, सरोज यादव, बोधी राम यादव, हरिशंकर यादव, गौरीशंकर यादव, चेतन यादव, अजय यादव ,भुजबल यादव, जीवन लाल यादव, शिवचंद यादव, राज यादव, दुर्गेश यादव, सुरेन्द्र यादव, शिवनाथ यादव, सावित्री, दसमत यादव रायपुर से नरेश यादव सुरेन्द्र यादव, रामेश्वर नाथ यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

### प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी में मना जन्माष्टमी

**खरौद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमशांति भवन सेवाकेंद्र खरौद में 17 अगस्त रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम कृष्ण की आरती एवं दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राधे कृष्णा की झांकी सजाई गई थी। दही हांडी का प्रोग्राम बहुत ही उत्साहित करने वाला था। हांडी फोड़ प्रतियोगिता भी मुकाबले में सम्पन्न हुई। जिसमें कुमारी सुहानी यादव विजेता रही। खरौद सेवाकेंद्र संचालिका बी के मंजू ने सभी को मेडिटेशन कराया। कार्यक्रम में झूला, नृत्य एवं रास का भी सभी ने खूब आनन्द लिया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ बहनों एवं भाईयों ने अपने अपने कलाओं के द्वारा सभी का मनोरंजन किया ।

# संघ ने अधिवक्ता को इलाज के लिए दी 5 हजार की सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

अधिवक्ता संघ पामगढ़ द्वारा संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता को इलाज के लिए 5 हजार रुपए सहायता राशि प्रदान किया गया।

ज्ञात हो कि संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता शिवकुमार दिवाकर को लकवा ग्रस्त होने के कारण ईलाज के लिए 5 हजार रुपए आर्थिक सहयोग दिया गया। ताकि जल्दी से स्वस्थ हो सके। अधिवक्ता शिवकुमार दिवाकर विगत २माह से लकवा बीमारी से ग्रस्त है और उन्हें स्टेट बार से मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए विधिवत आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया । इस अवसर पर अध्यक्ष श्यामलाल सांडे, रोहणी पटेल सचिव, दिलीप बंजारे कोषाध्यक्ष, मणिशंकर गौरहा मनोज खरे सतीश सूर्या, कांति दिव्य, भारत भूषण, बंजारे, मुन्ना जांगड़े, निखाद सिंह, परमेश्वर सांडिल्य भूषणवाणी, रामखिलावन कुर्रे ,नरेंद्र जोशी आदि उपस्थित थे। बताते चले की अधिवक्ता संघ द्वारा अपने किसी भी सदस्य के दुर्घटनाग्रस्त होने,लंबी बीमारी होने या फिर असामयिक मृत्यु होने पर सहायता राशि की व्यवस्था लंबे समय से की जा रही है।

### बच्चों ने तिरंगा यात्रा पर लहराया तिरंगा देशभक्ति के नारे से गूंज उठा नगर

**बिर्रा।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बुधवार को सिलादेही के शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्कूल प्रधानपाठक प्रीतम प्रसाद खुंटे पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन पूरे विघालय स्टाफ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। विघालय के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में हाथ में तिरंगा झंडा लेकर यात्रा विघालय से प्रारंभ होकर मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए पुरानी बजरंग बली चौक से पुनः मुख्य मार्ग से होते हुए पुन तिरंगा यात्रा विघालय पहुंची यात्रा के दौरान बच्चों में भारी उत्साह और उमंग के साथ भारत माता की जय तथा गंगन भेदी नारे से लगाए गए। तिरंगा यात्रा में विघार्थियों के हाथ में तिरंगा झंडा लहराते रहे और चारो तरफ उत्साह का मौहाल देखने को मिला।इस दौरान विघालय के प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन ने कहा कि आज अमृत महोत्सव के कार्यक्रम में विघार्थियों में अलग उत्साह और उमंग देखने को मिला साथ ही सभी के मन में राष्ट्रभक्ति का संदेश जन जन तक पहुंचाने का काम किया है। तिरंगा यात्रा में लक्ष्मी देवांगन प्रीतम प्रसाद खुंटे फिरतू राम निषाद सुरेश चन्द कर्ष मुकुंद कश्यप रितेश कश्यप रामेश्वर पटेल राजन के विघालय परिवार शामिल थे।



# लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के कैरियर व व्यक्तित्व विकास पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद



शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों के कैरियर एवं व्यक्तित्व विकास के आवश्यक टिप्स दिए।

इस अवसर पर स्नाकोत्तर महाविद्यालय खरौद में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिवेन्द्र प्रताप सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। दीक्षारम्भ समारोह की शुरुवात अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत करके एवं विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के कैरियर एवं व्यक्तित्व विकास हेतु महत्वपूर्ण बातें बताई। सुबोध शुक्ला ने बताया कि खरौद महाविद्यालय को शुरू हुए साठ वर्ष हो गए हैं। इसे यहां के ग्रामीणों ने भीषण अकाल झेलने के बाद भी दान देकर,परिसर हेतु जमीन देकर खुलवाया था। कार्यक्रम की अगली कड़ी में एनईपी प्रभारी प्रो. रमेन्द्र लहरे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.सी. भारद्वाज ने विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालयीन शिक्षा के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत खरौद अध्यक्ष गोविन्द यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, सुबोध शुक्ला, उत्तम सोनी भाजपा महामंत्री, चंद्रवती सोनी महिला मोर्चा अध्यक्ष, पूर्व एल्डरमेन बसंत यादव एवं पार्षदगण नेहरू राही, परमानन्द रोहिदास, पूर्व पार्षद विजय यादव, राजमिस्त्री संघ अध्यक्ष गोविन्द घृतलहरे उपस्थित थे। संचालन प्रो. उत्तरा निराला ने किया। महाविद्यालय में एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. रमेन्द्र लहरे एवं प्रो. ओंकार महिपाल के द्वारा किया गया। आयोजन में प्रो. रामकुमार सिंह कंवर, क्रीड़ाधिकारी विश्वास विश्वकर्मा एवं अतिथि व्याख्याता अश्वनी केशरवानी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर अनिल नेताम, प्रो. मंदाकिनी चन्द्रा व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रो. ओंकार महिपाल द्वारा किया गया। अन्त में विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।







